# Code No. 1504

**CLASS : 11th (Eleventh)** **Series : 11-April/2021**

***Roll No.*** ☐☐☐☐☐☐☐☐☐☐

## हिन्दी (ऐच्छिक)

(Only for Fresh/School Candidates)

*समय : **$2\frac{1}{2}$** घण्टे ]* *[ पूर्णांक : **80***

- *कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **8** तथा प्रश्न **9** हैं।*
- *प्रश्न-पत्र में सबसे ऊपर दिये गये **कोड नम्बर** को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख्य-पृष्ठ पर लिखें।*
- *कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/ पन्ने न छोड़ें।*
- *उत्तर-पुस्तिका के अतिरिक्त कोई अन्य शीट नहीं मिलेगी। अतः आवश्यकतानुसार ही लिखें और लिखा उत्तर न काटें।*
- *परीक्षार्थी अपना रोल नं० प्रश्न-पत्र पर अवश्य लिखें।*
- *कृपया प्रश्नों का उत्तर देने से पूर्व यह सुनिश्चित कर लें कि प्रश्न-पत्र पूर्ण व सही है, **परीक्षा के उपरान्त इस सम्बन्ध में कोई भी दावा स्वीकार नहीं किया जायेगा।***

***नोट :*** *(i) सभी प्रश्न **अनिवार्य** हैं। कुछ प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं।*

*(ii) शुद्ध, सार्थक एवं तर्कसंगत उत्तरों को उचित अधिमान दिया जाएगा। वर्तनीगत अशुद्धियों एवं विषयांतर की स्थिति में कम अथवा शून्य अंक देकर दंडित किया जाएगा।*

**1.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 18 = 18$

(i) 'आवो हमारे गेह रे' - यहाँ 'गेह' का क्या अर्थ है ?

(क) गेहूँ का खेत (ख) घर

(ग) गाँव (घ) गोकुल

(ii) 'अरे इन दोहुन राह न पाई' में किन दोनों की बात की है ?

(क) हिंदू-मुस्लिम (ख) राजा-प्रजा

(ग) बेटा-बेटी (घ) ऊँच-नीच



Downloaded from cclchapter.com

(iii) श्रीकृष्ण ने ग्वालों को किसकी दुहाई देकर दाँव दिया ?

(क) यशोदा की (ख) दाऊ की

(ग) नंद की (घ) देवकी की

(iv) मुरली बजाते हुए श्रीकृष्ण की भृकुटी कैसी हो जाती है ?

(क) सीधी (ख) झुकी हुई

(ग) कुटिल (घ) डोली हुई

(v) 'अति आधीन सुजान कनौड़े' - यहाँ 'कनौड़े' का क्या अर्थ है ?

(क) कन्नड़ (ख) कृपा से दबे हुए

(ग) चतुर (घ) लम्बे कान वाला

(vi) 'छलिया छबीले छैल' - यहाँ कौन-सा अलंकार है ?

(क) रूपक (ख) उपमा

(ग) अत्प्रेक्षा (घ) अनुप्रास

(vii) 'बोरत तौं बोरयो पै निचोरत नहीं' - यहाँ 'निचोरत' का क्या अर्थ है ?

(क) नीचे (ख) निचोड़ना

(ग) डूबकर नीचे जाना (घ) नाचना

(viii) मल्हार राग किस ऋतु में गाया जाता है ?

(क) वर्षा (ख) बसंत

(ग) सर्दी (घ) गर्मी

(ix) 'सावन में झूलिबो सुहावनो लगत है' - यहाँ किस ऋतु का वर्णन है ?

(क) बसंत (ख) सर्दी

(ग) गर्मी (घ) वर्षा

(x) 'सब आँखों के आँसू उजले' कविता के रचयिता कौन हैं ?

(क) महादेवी वर्मा (ख) नागार्जुन

(ग) श्रीकांत वर्मा (घ) सुदामा पांडेय धूमिल



Downloaded from cclchapter.com

(xi) सुदामा पांडेय धूमिल द्वारा रचित कविता कौन-सी है ?

(क) हस्तक्षेप (ख) बादल को घिरते देखा है

(ग) जाग तुझको दूर जाना (घ) मोचीराम

(xii) 'जाग तुझको दूर जाना' कविता में अंगार-शय्या पर क्या बिछाने की बात कही है ?

(क) मृदुल कलियाँ (ख) उपले

(ग) कोमल गद्दे (घ) लोहा

(xiii) मलय की बात का उपधान लेकर कौन सो गई है ?

(क) हवा (ख) आँधी

(ग) वर्षा (घ) नायिका

(xiv) 'संसृति के प्रति पग में मेरी' - यहाँ 'संसृति' का क्या अर्थ है ?

(क) संस्कार (ख) युग

(ग) जीवन (घ) संसार

(xv) नागार्जुन का मूल नाम क्या था ?

(क) वैद्यनाथ मिश्र (ख) हीरानंद

(ग) सुदामा (घ) इब्राहिम

(xvi) 'बादल को घिरते देखा है' कविता में कालिदास के किस ग्रंथ का वर्णन है ?

(क) कुमार संभवम् (ख) रघुवंशम्

(ग) अभिज्ञानशाकुंतलम् (घ) मेघदूत

(xvii) मुर्दा हस्तक्षेप करते हुए क्या प्रश्न करता है ?

(क) मनुष्य क्यों मरता है (ख) व्यवस्था क्यों बिगड़ती है

(ग) शांति भंग क्यों होती है (घ) राजा क्यों मरता है

(xviii) यहाँ तरह-तरह के जूते आते हैं, जो आदमी के बारे में क्या बताते हैं ?

(क) जाति (ख) कारोबार

(ग) पसंद (घ) नवैयत



Downloaded from cclchapter.com

**2.** निम्नलिखित काव्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 5

अन्न न भावै नींद न आवै, गृह-बन धरै न धीर रे।
कामिन को है बालम प्यारा, ज्यों प्यासे को नीर रे।
है कोई ऐसा पर-उपकारी, पिवसों कहै सुनाय रे।
अब तो बेहाल कबीर भयो है, बिन देखे जिव जाय रे।।

**अथवा**

अमल धवल गिरि के शिखरों पर,
बादल को घिरते देखा है।
छोटे-छोटे मोती जैसे
उसके शीतल तुहिन कणों को,
मानसरोवर के उन स्वर्णिम
कमलों पर गिरते देखा है।

**3.** निम्नलिखित प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर दीजिए : $2 \times 2 = 4$

(क) 'मोचीराम' कविता में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(ख) खेल में श्रीकृष्ण के रूठने पर उनके साथियों ने उन्हें डाँटते हुए क्या-क्या तर्क दिए ?

**4.** निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 18 = 18$

(i) रमजान के कितने रोजों के बाद ईद आती है ?

(क) 29 (ख) 30

(ग) 31 (घ) 35

(ii) हामिद का पिता किस बिमारी से मरा था ?

(क) हैजे से (ख) बुखार से

(ग) चेचक से (घ) निमोनिया से



Downloaded from cclchapter.com

(iii) मोहसिन ने कौन-सा खिलौना खरीदा ?

(क) सिपाही (ख) वकील

(ग) धोबिन (घ) भिश्ती

(iv) सिद्धेश्वरी के मंझले लड़के का क्या नाम था ?

(क) प्रमोद (ख) मोहन

(ग) रामचन्द्र (घ) राजीव

(v) समाचार-पत्र के दफ्तर में प्रूफ-रीडरी का काम कौन सीखता था ?

(क) मोहन (ख) प्रमोद

(ग) रामचन्द्र (घ) राजीव

(vi) मुंशी चंद्रिका प्रसाद को नौकरी क्यों छोड़नी पड़ी ?

(क) छंटनी होने से (ख) सेवानिवृत्ति से

(ग) अस्वस्थ होने से (घ) रिश्वत लेते पकड़े जाने पर

(vii) 'बंगले तक कोई बातचीत नहीं होगी' - टार्च बेचने वाले के दोस्त ने ऐसा क्यों कहा ?

(क) लोग न सुन पाएँ (ख) ड्राइवर न सुन पाए

(ग) घमंड के कारण (घ) अमीरी-गरीबी का अंतर था

(viii) टार्च बेचने वाला और उसका दोस्त कितने वर्ष बाद पुनः मिले ?

(क) एक वर्ष (ख) दो वर्ष

(ग) चार वर्ष (घ) पाँच वर्ष

(ix) गूंगे को थप्पड़ किसने मारा ?

(क) सुशीला ने (ख) चमेली ने

(ग) शकुंतला ने (घ) बसंता ने

(x) 'गूंगे' कहानी के रचयिता कौन हैं ?

(क) सुधा अरोड़ा (ख) रांगेय राघव

(ग) अमरकांत (घ) पांडेय बेचन शर्मा



Downloaded from cclchapter.com

(xi) ज्योतिबा फुले को महात्मा की उपाधि से कब सम्मानित किया गया ?

(क) 1868 में
(ख) 1878 में
(ग) 1888 में
(घ) 1898 में

(xii) ज्योतिबा फुले का विवाह किसके साथ हुआ ?

(क) सावित्री बाई
(ख) लक्ष्मीबाई
(ग) अहल्या बाई
(घ) कांताबाई

(xiii) 'खानाबदोश' कहानी में भट्टे के मालिक का क्या नाम है ?

(क) जसदेव
(ख) असगर
(ग) शुकिया
(घ) मुखतार सिंह

(xiv) 'खानाबदोश' कहानी में सूबेसिंह ने किसकी पिटाई की ?

(क) शुकिया की
(ख) जसदेव की
(ग) असगर की
(घ) किसनी की

(xv) मानो किसकी पत्नी थी ?

(क) सूबेसिंह की
(ख) शुकिया की
(ग) असगर की
(घ) महेश की

(xvi) पांडेय बेचन शर्मा के पिता जी का क्या नाम था ?

(क) बैजनाथ पांडेय
(ख) सुदामा पांडेय
(ग) उमाचरण पांडेय
(घ) देवीशरण पांडेय

(xvii) 'अपनी खबर' पाठ में पुलिस वालों ने जूतों की माला किसके गले में डाली ?

(क) लेखक के भाई के
(ख) अलगू कुम्हार के
(ग) बैरागी पखावजी के
(घ) लेखक के

(xviii) 'अपनी खबर' पाठ में लेखक ने हनुमान चालीसा कैसे प्राप्त किया ?

(क) खरीदकर
(ख) बड़े भाई से लेकर
(ग) इनाम में
(घ) सहपाठी से चुराकर



Downloaded from cclchapter.com

**5.** निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए। 5

अब वह सिपाही संन्यासी हो गया है। अपनी जगह बैठा-बैठा पहरा देता है। कभी-कभी देवता भी बन जाता है। उसके सिर का झालरदार साफा खुरच दिया गया है। अब उसका जितना रूपांतर चाहो, कर सकते हो। कभी-कभी तो उससे बाट का काम भी लिया जाता है।

**अथवा**

किन्तु वह क्षोभ, वह क्रोध, सब उसके सामने निष्फल हो गए; जैसे मंदिर की मूर्ति कोई उत्तर नहीं देती, वैसे ही उसने भी कुछ नहीं कहा। केवल इतना समझ सका कि मालकिन नाराज है और निकल जाने को कह रही है। इसी पर उसे अचरज और अविश्वास हो रहा है।

**6.** मुंशी प्रेमचंद ***अथवा*** हरिशंकर परसाई के जीवन रचनाओं एवं विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 4

**7.** 'दोपहर का भोजन' कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 2

**8.** 'अन्तराल' (भाग-I) के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'अण्डे के छिलके' कहानी का मूलभाव स्पष्ट कीजिए। 4

(ख) मकबूल फिदा हुसैन के अपने दादा से विशेष लगाव का कैसे पता चलता है ? 2

(ग) बड़ौदा के बोर्डिंग स्कूल में मकबूल फिदा हुसैन के पाँच दोस्तों का परिचय दीजिए। 2

(घ) नाना के घर किन-किन बातों का निषेध था ? शरत् को उन निषिद्ध कार्यों को करना क्यों प्रिय लगता था ? 2

**9.** 'अभिव्यक्ति और माध्यम' के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर-पुस्तिका में लिखिए : $1 \times 4 = 4$

(i) हिन्दी का प्रथम साप्ताहिक पत्र भारत में कहाँ से निकला ?

(क) बम्बई (ख) कलकत्ता

(ग) दिल्ली (घ) मद्रास

(ii) पत्रकारिता लोकतंत्र का कौन-सा स्तम्भ है ?

(क) पहला (ख) दूसरा

(ग) तीसरा (घ) चौथा



Downloaded from cclchapter.com

(iii) टी० वी० सेवा कब तक आकाशवाणी का हिस्सा रही ?

(क) 1972 (ख) 1974

(ग) 1976 (घ) 1978

(iv) पत्रकारिता की साख बनाए रखने के लिए किस सिद्धान्त का पालन जरूरी है ?

(क) तथ्यों की शुद्धता (ख) वस्तुपरकता

(ग) निष्पक्षता (घ) उपर्युक्त सभी

(ख) 'भारत में जनसंचार माध्यमों का विकास' विषय पर प्रकाश डालिए। 5

**अथवा**

डायरी लेखन का महत्व स्पष्ट कीजिए।

(ग) औपचारिक पत्र लिखते समय कौन-कौन-सी बातें ध्यातव्य हैं ? 5

**अथवा**

स्ववृत से क्या तात्पर्य है ? इसमें कौन-कौन-से बिन्दुओं को शामिल किया जाता है ?



Downloaded from cclchapter.com